# सांसद ने विकसित भारत में रखा अपना पक्ष

- शिक्षा और प्राकृतिक खेती पर दिया जोर
- पांडिचेरी में संसदीय समिति के विशेष अध्ययन दौरे में



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/ इटारसी , 14 जुलाई . होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने संसदीय स्थायी समिति (शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल) के विशेष अध्ययन दौरे के दौरान पुडुचेरी में आयोजित बैठक में हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' के संकल्प को साकार करने के लिए शिक्षा, कौशल विकास, प्राकृतिक खेती और ग्रामीण सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए.**

सांसद चौधरी ने कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020), कौशल विकास, नवाचार, आत्मनिर्भर भारत और प्राकृतिक खेती देश के विकास की मजबूत आधारशिला हैं. उन्होंने ग्रामीण एवं आकांक्षी क्षेत्रों में उच्च शिक्षा संस्थानों को मजबूत बनाने, शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती, उद्योग और शिक्षा के बेहतर समन्वय, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल शिक्षा तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया. उन्होंने विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में प्राकृतिक खेती को पाठ्यक्रम, अनुसंधान और नवाचार का हिस्सा बनाने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे प्रधानमंत्री के 'प्रकृति के साथ प्रगति' के विजन को मजबूती मिलेगी. सांसद ने ऑरोविले के सतत विकास मॉडल, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए प्रोत्साहन योजनाओं और राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों को सुदृढ़ करने संबंधी सुझाव भी समिति के समक्ष रखे. सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने विश्वास जताया कि समिति के समक्ष रखे गए सुझाव देश की शिक्षा व्यवस्था को अधिक समावेशी, रोजगारोन्मुखी और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के साथ विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे.

## मोबाइल हैक कर खाते से तीन लाख रुपये पार

**पिपरिया.** साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है, जहां मोबाइल हैक कर एक व्यक्ति के बैंक खाते से करीब 2.80 लाख रुपये निकाल लिए गए. पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस, बैंक और पुलिस अधीक्षक से की है. नारायण ठाकुर ने बताया कि उनका भारतीय स्टेट बैंक, पिपरिया में खाता है. उनके अनुसार 5 जुलाई को 88,888 रुपये, 6 जुलाई को 95,000 रुपये और 8 जुलाई को 96,666 रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर लिए गए. लेनदेन क्रमश: कमलेश कुमार, यादव मितेश महेश और असादुल एसके के नाम से हुआ. पीड़ित का कहना है कि 5 जुलाई को दोपहर करीब 12:30 से 2 बजे के बीच उनका मोबाइल अचानक अपडेट होने लगा और पूरी तरह बंद हो गया. इसी दौरान उनके बैंक खाते से रकम निकल गई. तब उन्हें ठगी की जानकारी मिली.

# गंदगी फैलाने पर 3,800 का जुर्माना वसूला

- नपा का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 14 जुलाई . नगर पालिका ने मंगलवार को शहर में अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे अवैध रूप से व्यवसाय कर रहे लोगों के अतिक्रमण हटाए. अभियान के दौरान गंदगी फैलाने पर 3,800 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया.**

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ वैभव देशमुख के निर्देश पर अतिक्रमण दल ने नेहरू पार्क से एसपी ऑफिस तिराहा, पुलिस लाइन, मीनाक्षी चौक से नारायण नगर पुलिया तक कार्रवाई की. इस दौरान सड़क पर अवैध रूप से रखे टप, ठेले और अन्य सामान हटाकर जब्त किए गए. सड़क मार्ग अवरुद्ध करने वालों को भविष्य में अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश भी दी गई. अतिक्रमण दल के प्रभारी शेख सिकंदर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना और शहर को स्वच्छ रखना है. उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ आगे भी नियमित कार्रवाई जारी रहेगी. कार्रवाई के दौरान कैलाश कन्नौजिया, नितेश गौर और सतीष रघुवंशी सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा

### शिकायत मिलते ही हरकत में आई नपा

**नर्मदापुरम, 14 जुलाई .** नगर पालिका ने नागरिकों की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सर्किट हाउस रोड एवं परहंस घाट जाने वाले मार्ग पर बने गड्ढों की मरम्मत कर दी. मंगलवार को नगरपालिका की टीम ने रात में ही गड्ढों की फिलिंग कर सड़क को दुरुस्त किया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को राहत मिली.

## एक नजर में



### मूंग खरीदी की मांग पर किसान की दंडवत यात्रा

**हरदा, 14 जुलाई .** ग्रीष्मकालीन मूंग की शत-प्रतिशत समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामनिवास पचार की दंडवत यात्रा मंगलवार को भी जारी रही. कलेक्टर बंगले के सामने पहुंचते ही तेज धूप, लगातार शारीरिक श्रम और थकान के कारण उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिससे यात्रा कुछ देर के लिए रोकनी पड़ी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पचार को चक्कर आने और अत्यधिक कमजोरी महसूस होने लगी. मौके पर मौजूद किसानों ने स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी, लेकिन समय पर चिकित्सकीय टीम नहीं पहुंचने पर एक निजी डॉक्टर को बुलाया गया. डॉक्टर ने सड़क पर ही उनका प्राथमिक उपचार किया और हालत को देखते हुए उन्हें आईवी (ड्रिप) चढ़ाई गई. उपचार के बाद उनकी तबीयत में सुधार हुआ. किसानों ने आरोप लगाया कि मूंग खरीदी की मांग को लेकर लगातार आंदोलन किए जाने के बावजूद सरकार उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है. किसान संगठन ने समर्थन मूल्य पर मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी की मांग दोहराते हुए आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है.

### आशा कार्यकर्ता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पिपरिया.** शहर के जयप्रकाश वार्ड में एक 37 वर्षीय आशा कार्यकर्ता ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई. परिजनों और पड़ोसियों ने तत्काल महिला को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतका की पहचान राधाबाई पत्नी रूपम पठारिया (37) के रूप में हुई है. बताया गया कि उन्होंने घर में दुपट्टे का फंदा बनाकर सीलिंग फैन से लटककर आत्महत्या की. मृतका की मां रानी ने बताया कि राधाबाई उनके साथ रहती थीं, जबकि उनके पति कटनी में एक माइक्रोफाइनेंस कंपनी में कार्यरत हैं. उनके दो बच्चे हैं, जिनमें 16 वर्षीय बेटी और 8 वर्षीय बेटा शामिल हैं. सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.



### मानवीय हस्तक्षेप से बढ़ रहा पर्यावरण प्रदूषण

**बनखेड़ी.** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में स्वैच्छिकता एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय महाविद्यालय बनखेड़ी के सभागार में संगोष्ठी आयोजित की गई. कार्यक्रम में संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी मुख्य अतिथि, जिला समन्वयक कोकिला चतुर्वेदी अध्यक्ष तथा सामाजिक कार्यकर्ता ओमकार सिंह राजपूत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. विकासखंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ. विभिन्न समितियों एवं परामर्शदाताओं ने अतिथियों का स्वागत किया. मां नर्मदा ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद मेहर सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का अभिनंदन किया. अपने संबोधन में कौशलेश तिवारी ने कहा कि मानवीय दखलंदाजी के कारण पर्यावरण प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है.

# बनखेड़ी में किसान कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

- 100% मूंग खरीदी और खाद-बिजली संकट को लेकर सरकार के खिलाफ हुंकार



नवभारत न्यूज

**बनखेड़ी, 14 जुलाई. किसान हितों को लेकर किसान कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस और नगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को बनखेड़ी में सभा, रैली और प्रदर्शन आयोजित किया गया. कार्यक्रम प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, जिला प्रभारी संजय शर्मा और किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय बाबू चौधरी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवीन कार्यालय में संपन्न हुआ.**

सभा को पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल, विधानसभा प्रभारी राजीव पालीवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी राजकुमार राजा पलिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आनंद पलिया, श्रीमंत पटेल, पंकज प्रजापति, उदय राजपूत, कुमार साहब जूदेव, किसान कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुरेश पटेल सहित कई नेताओं ने संबोधित किया. वक्ताओं ने प्रदेश सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि केवल 25 प्रतिशत मूंग खरीदी, खाद की कमी और लगातार बिजली कटौती से किसान गंभीर संकट में हैं. उन्होंने सरकार से किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की. सभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में किसानों ने ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय से मुख्य मार्ग होते हुए तहसील कार्यालय तक रैली निकाली. प्रदर्शन के दौरान किसानों के समर्थन में नारेबाजी की गई और सरकार से मूंग की 100 प्रतिशत समर्थन मूल्य पर खरीदी , पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने तथा बिजली संकट दूर करने की मांग उठाई गई.

तहसील कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में किसानों की विभिन्न मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई गई. कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की जायज मांगों पर सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा. उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर धरना-प्रदर्शन, चक्का जाम और व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा.

# जनसुनवाई में किसान की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में मौत



**हरदा, 14 जुलाई. जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान हंडिया तहसील के ग्राम अजनास रैय्यत निवासी 55 वर्षीय भगत विश्वकर्मा की अचानक तबीयत बिगड़ गई. उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई.**

प्रारंभिक आशंका है कि उन्होंने जनसुनवाई में आने से पहले जहरीले पदार्थ का सेवन किया था. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. परिजनों ने आरोप लगाया कि जमीन विवाद में लंबे समय से न्याय नहीं मिलने से वे मानसिक रूप से परेशान थे. वहीं हंडिया तहसीलदार पूजा सांखला ने बताया कि संबंधित जमीन विवाद का मामला वर्तमान में कमिश्नर कोर्ट में विचाराधीन है. पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है. मौत के कारणों का खुलासा जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा.

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में पहुंचे मंत्री



नवभारत न्यूज

**हरदा , 14 जुलाई.** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए.

जनसुनवाई में भवन निर्माण अनुमति, अधूरी सड़क, जल निकासी, समग्र आईडी में नाम जोड़ने, बिजली बिल व मीटर परिवर्तन तथा वृद्धावस्था पेंशन से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए. कलेक्टर ने सभी मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों को जांच कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

## होशंगाबाद को मिली 15 करोड़ की सड़क की सौगात

**इटारसी.** होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में लोक निर्माण विभाग ने 15.01 करोड़ रुपयेकी लागत से तीन प्रमुख सड़कों के निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है. लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने इसकी जानकारी विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा को दी. स्वीकृत कार्यों में 2.72 किमी लंबे रैसलपुर-रिधौड़ाखेड़ा-बम्हनगांव मार्गके निर्माण पर 2.37 करोड़ , 3 किलोमीटर लंबे रैसलपुर-पांजरा मार्गपर 1.74 करोड़ तथा 4.50 किमी लंबे होशंगाबाद बायपास मार्गपर 10.91 करोड़ खर्च किए जाएंगे.

## इंटक की जंबो कार्यकारिणी घोषित



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 14 जुलाई . मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला कांग्रेस प्रभारी संजय शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय एवं जिला संगठन महासचिव मधुसूदन यादव की सहमति से नर्मदापुरम इंटक के जिला अध्यक्ष शेख रमजान ने नई जंबो जिला कार्यकारिणी का गठन किया है.**

संगठन में सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं. जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके मनोनयन से संगठन को नई मजबूती मिलेगी. जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने बताया कि इंटक संगठित एवं असंगठित श्रमिकों का प्रमुख संगठन है, जो मजदूरों और कर्मचारियों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए लगातार कार्य करता है.

## घर-घर होगी बच्चों की स्वास्थ्य जांच

**इटारसी.** बाल मृत्यु दर में कमी लाने और संचारी रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से मंगलवार से 'दस्तक अभियान' की शुरुआत की गई. 31 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के पहले दिन न्यास कॉलोनी झुग्गी क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई. रैली में 'दस्तक दल का एक ही नारा, स्वस्थ रहे हर बच्चा हमारा' के नारों के साथ लोगों को बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच और पोषण के प्रति जागरूक किया गया. पार्षद अमृता मनीष ठाकुर ने नागरिकों से अभियान में सहयोग करने और बच्चों की स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की.

## बाबा गोदड़ी वाला धाम में स्वास्थ्य शिविर

**इटारसी.** बाबा गोदड़ी वाला धाम में प्रेमहंस एक्यूप्रेशर एवं एक्यूपंक्चर सेंटर के डॉ. कुलभूषण खोसला द्वारा 12 से 17 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है. शिविर में बिना दवा और बिना इंजेक्शन के एक्यूपंक्चर पद्धति से विभिन्न रोगों का उपचार किया जा रहा है. गोदड़ी वाला धाम समिति ने नागरिकों से शुक्रवार तक शिविर में पहुंचकर नि:शुल्क उपचार का लाभ लेने की अपील की है.

## 31 अगस्त तक 69,922 बच्चों को मिलेगी स्वास्थ्य सेवाएं

**हरदा, 14 जुलाई . जिले में दस्तक अभियान (प्रथम चरण) एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन का शुभारंभ हो गया है, जो 31 अगस्त तक चलेगा. अभियान के तहत 69,922 बच्चों को विटामिन-ए, ओआरएस, जिंक, स्वास्थ्य जांच एवं अन्य आवश्यक सेवाएं घर-घर जाकर प्रदान की जाएंगी.**



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी विवेक शर्मा ने मदीना कॉलोनी में बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की. वहीं ग्राम आमसागर में पहले दिन 111 के लक्ष्य के विरुद्ध 76 बच्चों को विटामिन-ए की दवा पिलाई गई. बच्चों की स्वास्थ्य जांच, 9 गर्भवती महिलाओं की जांच कर टीकाकरण किया गया.

## 16 जुलाई से मानसून होगा सक्रिय

**इटारसी.** मध्य प्रदेश में अगले दो दिनों तक मानसून की गतिविधियां सीमित रहने के बाद 16 जुलाई से मौसम में बड़ा बदलाव आने के संकेत हैं. 16 से 18 जुलाई के बीच प्रदेश के पूर्वी, दक्षिणी और मालवा-निमाड़ अंचल में गरज-चमक के साथ तेज बारिश और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं. 15 जुलाई को पूर्वी जिलों रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, जबलपुर, मंडला, बालाघाट तथा दक्षिणी हिस्सों बैतूल, छिंदवाड़ा और सिवनी में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है.

# जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव आज, 22 उम्मीदवार मैदान में

**नर्मदापुरम, 14 जुलाई . जिला अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव 15 जुलाई को प्रात: 10:00 बजे से प्रारंभ होंगे. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, व कोषाध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला है. सहसचिव पद के लिए आमने सामने की टक्कर है. वहीं कार्यकारिणी के लिए 8 प्रत्याशियों में से चयन होना है.**

जिला अधिवक्ता संघ के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एसएस पटेल व सहायक अधिकारी राजेश अग्रवाल ने बताया कि मतदान प्रात: 10:00 बजे से शुरू हो जाएंगे. मतगणना 16 जुलाई को प्रात: 10:00 बजे से होगी.

ग्रंथपाल पद के लिए सौरभ तिवारी एक मात्र प्रत्याशी होने से उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है. अध्यक्ष पद के लिए अजय प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज जराठे, व सुरेंद्र सिंह राजपूत उम्मीदवार है. वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए दिलीप सिंह ठाकुर, केशव सिंह चौहान, और नीरज कुमार पटेल मैंदान में हैं.

**स्थापना दिवस** | 'स्प्रिंगडेल्स डे' पर प्रतिभा और संस्कार का उत्सव

# स्प्रिंगडेल्स स्कूल ने पूरे किए 10 गौरवशाली वर्ष




नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 14 जुलाई . स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को विद्यालय परिसर में 'स्प्रिंगडेल्स डे' हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया. इस वर्ष समारोह की थीम 'एक दशक की गौरवशाली विरासत, उज्ज्वल भविष्य का वादा' रही, जिसने विद्यालय की दस वर्षों की उपलब्धियों और भविष्य के संकल्प को दर्शाया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं वंदना से हुआ. विद्यालय के डायरेक्टर सुभाशीष चटर्जी, प्राचार्य मोना चटर्जी तथा जनरल मैनेजर सोनल सीखी की उपस्थिति में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया. सरस्वती वंदना, नृत्य, कविताओं और नाट्य प्रस्तुति ने गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील शिक्षा का संदेश दिया.

वरिष्ठ शिक्षिकाओं विजया जैन, शीतल कंकाले और बाली कड़वे ने विद्यालय की दस वर्षों की प्रेरणादायी यात्रा और उपलब्धियों को साझा किया. छात्रा आर्या त्रिपाठी ने अपने अनुभव बताते हुए विद्यालय द्वारा मिले संस्कार और अवसरों के लिए आभार व्यक्त किया.

डायरेक्टर सुभाशीष चटर्जी ने विद्यार्थियों को अनुशासन, उत्कृष्टता और मानवीय मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अतिथियों को स्वयं निर्मित कैनवास पेंटिंग, शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया. अंत में स्कूल कैप्टन अंजलि झा ने सभी का आभार व्यक्त किया. समारोह विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संकल्प का प्रतीक बनकर संपन्न हुआ.

## दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**इटारसी.** आगरा में ड्यूटी पर तैनात एक स्टेशन मास्टर के साथ रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मियों द्वारा कथित मारपीट और अभद्र व्यवहार के विरोध में भोपाल मंडल सहित देशभर के स्टेशन मास्टरों में रोष व्याप्त है. घटना के विरोध में ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशनके आह्वान पर भोपाल मंडल के सभी स्टेशन मास्टर हाथों पर काली पट्टी बांधकर ड्यूटी कर रहे हैं. एसोसिएशन के मंडल सचिव दिवाकर कुमार ने कहा कि ऑन-ड्यूटी स्टेशन मास्टर को बिना किसी ठोस कारण के सार्वजनिक रूप से घसीटते हुए थाने ले जाना पूरी तरह गैर-कानूनी और दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने इसे रेलवे कर्मचारियों के सम्मान पर हमला बताते हुए दोषी आरपीएफ कर्मियों को तत्काल सेवा से निष्कासित करने की मांग की.

# अच्छी बारिश के लिए 'नमाज़-ए-इस्तिस्का' शुरू

**इटारसी.** **क्षेत्र में कमजोर मानसून, भीषण गर्मी और सूखे जैसे हालात के बीच अच्छी बारिश की कामना को लेकर मुस्लिम समाज ने तीन दिवसीय 'नमाज़-ए-इस्तिस्का' (बारिश के लिए विशेष सामूहिक नमाज) का शुभारंभ किया. जामा मस्जिद इंतिजामिया कमेटी (वक्फ बोर्ड), पांचवीं लाइन के तत्वावधान में मंगलवार को पहले दिन भारद्वाज पेट्रोल पंप के पीछे नहर किनारे स्थित खुले मैदान में दोपहर 2:30 बजे विशेष नमाज अदा की गई.**



इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने बारगाह-ए-इलाही में हाथ उठाकर क्षेत्र में अच्छी बारिश, अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी. नमाज के बाद किसानों की बेहतर फसल और प्रदेश में पर्याप्त वर्षा की भी प्रार्थना की गई.

जामा मस्जिद इंतिजामिया कमेटी के प्रवक्ता जमील अहमदने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), एसडीओपी और सिटी थाना प्रभारी को पूर्व में ही दे दी गई है, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके. प्रत्येक दिन नमाज दोपहर 2:30 बजे से लगभग एक घंटे तक आयोजित की जाएगी.

बुधवार, 15 जुलाई को नमाज़-ए-इस्तिस्का बोरतलाई मार्ग स्थित बूढ़ी माता मंदिर के पीछे निजामुद्दीन मोहसीन कुरैशी कॉलोनी के मैदानमें तथा गुरुवार, 16 जुलाई को मदरसा इब्राहिमिया, 12 बंगला परिसरमें अदा की जाएगी. समिति ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर बारिश और जनकल्याण के लिए दुआ करने की अपील की है.